भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
Physical Research Laboratory, Ahmedabad
गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी कार्यक्रम 2026
"लोक-तरंग"
रिपोर्ट

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद द्वारा राजभाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन के लिए गुजरात राज्य में स्थित सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) एवं सभी बैंक नराकास के सदस्य कार्यालयों के सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी कार्यक्रम **"लोक-तरंग"** 2026 का आयोजन किया गया। राजभाषा विभाग न केवल हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देता है, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक एकता के लिए सभी स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं के सह-अस्तित्व और विकास का भी पुरजोर समर्थन करता है। इसी सह-अस्तित्व को अंकित करने की भावना के साथ स्थानीय भाषाओं के संरक्षण के सम्मान में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद द्वारा यह आयोजन किया गया था।

इस कार्यक्रम में पूरे गुजरात राज्य के भिन्न भिन्न केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम गुरुवार, 01 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया गया था। इसमें पूरे गुजरात राज्य से 14 संस्थानों से 20 सदस्यों ने भाग लिया।

क्रमांक	**प्रतिभागी कार्यालयों का नाम**	**क्रमांक**	**प्रतिभागी कार्यालयों का नाम**
1.	पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय	8.	केंद्रीय माल एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर आयुक्तालय।
2.	सीजीएचएस केंद्रीय) अहमदाबाद-(सरकार स्वास्थ्य योजना	9.	भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
3.	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10.	राइट्स लिमिटेड
4.	वडोदरा हवाई अड्डा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण	11.	अंतरिक्ष उपयोग केंद्र
5.	राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान	12.	बी एस एन एल
6.	राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय	13.	केन्द्रीय माल एवं सेवा कर व केन्द्रीय उत्पाद शुल्क , अहमदाबाद दक्षिण
7.	भा. आ. अ. प. - रा. व्य. स्वा. अनु. संस्थान	14.	प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, गांधीनगर

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन करते हुए निदेशक, पीआरएल प्रो. अनिल भारद्वाज के संबोधन से हुई। कार्यक्रम में प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषा, संस्कृति, गीत, आदि पर गद्य/पद्य/लोकगीत आदि की प्रस्तुति दी गई तथा उसका भावार्थ हिंदी में बताया गया। कार्यक्रम की रूप-रेखा को सार्थकता प्रदान करने के लिए पीआरएल के 8 सदस्यों ने भारत के 8 विभिन्न प्रांतों, विशेषतः दक्षिणी प्रांतों से भाषाओं की प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत कर, इसे गौरवान्वित किया। प्रत्येक प्रतिभागी कार्यालय को प्रतिभागिता शील्ड एवं प्रत्येक कार्यालय के प्रतिभागी को पीआरएल की ओर से स्मृति चिह्न दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह से कार्यक्रम का आनंद लिया। सभी ने कार्यक्रम के अंत में अपने विचार रखे एवं सभी ने दोबारा पीआरएल आने की तथा भविष्य में भी ऐसे नवोन्मेषी आयोजन करवाते रहने की इच्छा व्यक्त की। वे पीआरएल के ऐतिहासिक परिचय से भी भाव-विभोर हुए।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों सहित राभाकास एवं अन्य राजभाषा समितियों के सदस्यों को मिलाकर लगभग 125 श्रोताओं ने इसका आनंद उठाया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

लोक तरंग 2026 कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ




भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी कार्यक्रम
लोक-तरंग
अक्टूबर 2026